## संक्षिप्त

### भगवान की हुई शांतिधारा

**निवाई ।** विज्ञातीर्थ में शांतिनाथ भगवान का संगीत के साथ शांतिधारा व अभिषेक किया गया। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि मंदिर में आयोजित विधान पूजा में सैंकडों श्रद्धालुओं ने विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में भाग लिया। इस दौरान प्रवचन सभा में आर्यिका विज्ञाश्री ने कहा कि इंसान को प्रतिकूल स्थिति में घबराना नहीं चाहिए। क्योंकि विपरित परिस्थिति जीने की कला एवं मुश्किलों से सामना करना सिखाती है। पुरूषार्थी व्यक्ति संघर्ष के दरिया को पार कर सफलता प्राप्त कर लेता है। जीवन में आने वाली कठिनाइयां रसायन की भांति मानव को मजबूत और फौलादी बनाती है। पुरुषार्थ की चरमता ही तपस्या कहलाती है और तपस्या चरम विपरितताओं के बीच सम्पन्न होती है। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मंगलाचरण किया गया।

### भंडारा में पाई प्रसादी

**शाहपुरा।** विराटनगर कस्बे में पीर की गुणी लाखावाला(छींतोली) में स्थित जय बाबा पीर जी महाराज मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा एवं साँस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कलाकार सुरेश नारवाल एण्ड पार्टी ने रंगारंग कार्यक्रम पेश करके लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में आस पास के श्रद्धालुओं ने मंदिर में धोक लगाकर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, सचिन वर्मा, रमेश, त्रिलोक चंद, रमेश चन्द्र नारवाल, कैलाश आर्य,भागीरथ मल, पप्पू, पूरण, राजु नारवाल, जयराम बुनकर सहित लोग उपस्थित रहे।

### बैठक का आयोजन

**निवाई ।** संभाग स्तर पर अजमेर में प्रशासनिक सुधार एवं समन्वयक विभाग द्वारा राजस्थान मिशन 2030 अभियान को लेकर हितधारक से परामर्श एवं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टोंक जिले से प्रवीण कुमार वर्मा, सदस्य जिला जन अभियोग सतर्कता समिति टोंक, दीपक विजय सहायक प्रोग्रामर एवं नवरत्न सैन ने भाग लिया। इस दौरान सदस्य वर्मा ने कार्यशाला में प्रत्येक प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तर एवं द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड स्तर तथा तृतीय गुरूवार को जिला स्तर के क्रम में चौथे गुरूवार को संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में जन सुनवाई का आयोजन करने का सुझाव दिया।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर गिरदावर व पटवारियों का धरना जारी

**निवाई ।** तहसील कार्यालय परिसर में पिछले एक सप्ताह से राजस्व कार्य का बहिष्कार करके राजस्थान राजस्व सेवा परिषद के प्रदेश आव्हान पर राजस्थान पटवार संघ, राजस्थान कानूनगो संघ, राजस्थान तहसीलदार सेवा परिषद सात सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए

> ■ 'नायब तहसीलदार व तहसीलदार पदों का केडर पुनर्गठन किया जाए'



तहसीलदारों ने सात यूत्रीय मांगों को लेकर निवाई तहसील कार्यालय परिसर में धरना दिया।

है। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

पटवारी हेमराज गुर्जर ने बताया कि प्रदेश आव्हान पर अपनी मांगों को लेकर सभी पटवारी एवं गिरदावर धरने प्रदर्शन पर है । बताया कि उनकी मांग में सीधी भर्ती के आरटीएस को सीधे तहसीलदार पद पर संस्थित करने तथा मंत्रालयिक कर्मचारियों का पदौन्नती कोटा समाप्त करे। वरिष्ठ पटवारी पद का विलोपन किया जाए। पटवारी भू-अभिलेख निरीक्षक, नायब तहसीलदार व तहसीलदार पदों का केडर पुनर्गठन किया जाए सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरने प्रदर्शन पर है। इस अवसर पर गिरदावर दामोदरप्रसाद, गिर्राज मीणा, पटवारी बालचन्द, सुमित जैन, सीमा मीणा, हेमराज गुर्जर, दिनेश पारीक, कालूराम, प्रदीप चौधरी, कालूराम बैरवा, अपूर्व माथुर सहित कई पटवारी व गिरदावर मौजूद थे। दूसरी ओर लोड सेटिंग के नाम पर की जा रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि रामजीलाल बैरवा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की। समाजसेवी महेश सैनी ने बताया कि गांव के पंचायती मंदिर पर रात को आयोजित बैठक में क्षेत्र में विभाग द्वारा लोड सेटिंग के नाम पर विद्युत कटौती किए जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि गत पखवाड़े गांव में चोरों ने अंधेरे का फायदा उठाकर दो मकानों में चोरी कर जेवर व नकद राशि चुरा ली। इस घटना के बाद ग्रामीण रात्रि को बिजली चले जाने के बाद बेटरियां जलाकर जागते रहते हैं। बिजली के नही आने से पंखे व कूलर इन दिनों शोपीस बनकर रह गए हैं। बिजली नहीं आने से दुकानदारों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। बैठक में प्रतिनिधि को बतलाया गया कि बिजली की जानकारी चाहने पर कोई भी अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं। जिस पर सरपंच प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि अतिशीघ्र इन सभी समस्याओं को लेकर विभाग के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। बैठक में गांव में रोड लाइट लगवाने की भी सरपंच प्रतिनिधि से मांग की। बैठक में ग्रामीणों ने प्रस्ताव लिया कि बिजली समस्या पर विभाग कोई सुधार नहीं करता है तो आने वाले दिनों में गुंसी फीडर का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में वार्ड पंच विष्णु टेलर, राकेश सैनी, रामेश्वर बैरवा, एडवोकेट शिवराज मीणा, उत्तमचन्द माली, मुकेश सैनी, सुनील, मदन सैनी, प्रेमसुंदर बैरवा, राकेश सैनी, अनिल, गिर्राज बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## बालिकाओं ने लहराया पचरम

**निवाई।** राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक कबड्डी प्रतियोगिता में एकलव्य मॉडल स्कूल निवाई की बालिकाओं ने परचम लहराया है। जिले में प्रथम आने पर एकलव्य मॉडल स्कूल में बालिकाओं का राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक कबड्डी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर पर चयन हुआ है। व्याख्याता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक कबड्डी प्रतियोगिता में निवाई की बालिकाओं ने मालपुरा टीम को फाइनल में हराकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिससे राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ियों एवं पीटीआई सुनीता चौधरी को विद्यालय में पहुंचने पर का प्रधानाचार्य रामचरण मीणा के नेतृत्व में शिक्षकों ने माला पहनाकर मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य रामचरण मीणा ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया तथा आशा व्यक्त की है कि यह टीम राज्य स्तर पर अपना अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने वॉलीबॉल में उपविजेता रही विद्यालय टीम का भी स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कबड्डी टीम में पायल, काली, रिंकू, कोमल, अर्पिता, मंजू, मुस्कान, आरती व काजल मीणा का चयन हुआ है। इस अवसर पर शीला मीना, अंकिता मीना, सुषमा अग्रवाल, गिरिराज शर्मा, उर्वशी शर्मा, लालचंद रैगर, हंसराज मीणा, संपत मीणा, दीपक सैन, सत्येंद्रसिंह राजावत, सीता मीणा, मंजू मीणा आदि मौजूद थे।

# 2030 के लिए सम्पर्क सभा में 413 सुझाव मिले

**टोंक ।** राजस्थान मिशन 2030 अभियान के अन्तर्गत आमजन एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों से सुझाव प्राप्त किये गये। जिसमें राजर्षि राज पुलिस अधीक्षक जिला टोंक के निर्देशानुसार आदर्श चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला टोंक द्वारा पुलिस लाईन टोंक में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की सम्पर्क सभा ली गई व जिले के वृताधिकारी एवं थानाधिकारियों द्वारा पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य लोगों की 54 मीटिंगें ली गई, जिसमें 1588 हितधारकों से सम्पर्क किया गया, जिनसे 413 सुझाव प्राप्त हुये।

राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं उन्हे सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। सरकार का प्रयास है कि राजस्थान वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बने। इस हेतु प्रत्येक क्षेत्र के लिए मानकों के निर्धारण एवं इनको प्राप्त करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करके विकसित राजस्थान हेतु राज्य सरकार द्वारा "विजन दस्तावेज-2030" तैयार करने का निर्णय लिया गया है। राजस्थान मिशन-2030 के तहत आमजन से बेहतर सामंजस्य बनाये रखने, पुलिस को और अधिक बेहतर बनाने, पुलिस के समक्ष आने वाली चुनौतियों एवं उनके निराकरण के सुझाव हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा जिला टोंक में हितधारक एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों से संवाद किया जाकर सुझाव प्राप्त करने हेतु सम्पर्क सभा, रोलकॉल तथा विभिन्न चौपालों का आयोजन किया गया। सम्पर्क सभा, रोलकॉल तथा विभिन्न चौपालों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला टोंक व जिले के वृताधिकारी एवं थानाधिकारियों द्वारा राजस्थान मिशन-2030 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विकसित राजस्थान 2030 दस्तावेज तैयार करने हेतु पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों, सुरक्षा सखी, सी.एल.जी. सदस्यों व आमजन को राजस्थान मिशन-2030 के सम्बन्ध में उचित सुझाव अपलोड करने हेतु प्रोत्साहित किया ।

# रंगोली बनाकर मतदान के प्रति जागरूक किया



जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल सहित अन्य ने रंगोली के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया।

**मालपुरा** (निस) जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल के आदेशानुसार निर्वाचन कार्यालय मालपुरा द्वारा सोमवार की देर शाम नगरपालिका के सामने सुभाष सर्किल पर रंगोली बना मतदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, बीसीएमओ डॉ. संजीव चौधरी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी भरत लाल गुर्जर, सीडीपीईओ प्रतिनिधि शबनम सिद्धीकी, डॉ. नासीर,विजेन्द्र शर्मा, रमेश चन्द जैन,वैद्य बनवारी लाल शर्मा, सहकारी समिति अध्यक्ष मुंशी खां बेलिम, सहित पंचायत समिति स्टाफकर्मियो एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओ ने सर्किल पर रंगोली बना विधानसभा चुनाव 2०23 मे मतदान प्रतिशत बढाने के लिए मतदाताओं को जागरूक रहकर मतदान के प्रति प्रेरित किया। आंगनबाडी कार्यकर्ताओ ने मेरा वोट मेरा अधिकार सहित मतदान के प्रति नारेबाजी कर आमजन को जागरूक किया।

## सार-समाचार

### पटवार संघ का धरना जारी



दूदू (नि.स) उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के बाहर राजस्थान सेवा परिषद् पटवार संघ दूदू के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 8 वें दिन भी धरना जारी रहा। इस दौरान कानूनगो संघ के पदाधिकारी एवं पटवारी हंसराज,ओमप्रकाश रैगर,सम्पत कुमार,सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण शुरु

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में करीब 150 करोड रुपए की लागत से बनने वाली नटनी का बारा से बारा भडक्रोल, रेलवे पुलिया निर्माण एवम मालाखेड़ा रेलवे फाटक से बाईपास, बरखेड़ा गेट से सुभाष चौक डामरीकरण सड़क का विधिवत पुजा अर्चना कर शुरुवात की। मंत्री जूली में बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अलवर ग्रामीण सहित पूरे प्रदेश में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों का कुछ दिन पहले वर्चुअल शिलान्यास किया था। जो कि अब मूर्त रूप लेने के साथ ही ग्रामीणों को विशेष सौगात दे रहा है। उन्होंने कहा कि डामरीकरण के बाद जहां सडक्रों का चौडाइकरण होगा वही धूल मिट्टी से भी ग्रामीणों को निजात मिलेगी साथ ही आवागमन में भी सुविधा होगी। मंत्री जूली ने स्वयं सड़क निर्माण सामग्री से भरे पहले डंपर को चलाकर डामर प्लांट से मुख्य सडक्र तक पहुंचाया इससे पूर्व उन्होंने मालाखेडा में स्थित डामर प्लांट व टेस्टिंग लैब का अवलोकन कर ठेकेदार को सड़क निर्माण में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री उपयोग करने एवं पूरे कार्य को पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन हिम्मत चौधरी, शिवलाल गुर्जर, हट्टा खान,नरेंद्र सावत्री मीना, लालाराम सैनी, बच्चू सिंह चौधरी, प्रतीक व्यास, बीएल मीणा, जगदीश, हजारीलाल मीना, उमरदीन खान, सुरेश मीणा, सुभाष बसवाल, जगत चौधरी, सुबे सिंह चौधरी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 888 खिलाड़ियों ने भाग लिया

**खैरथल ।** चार दिवसीय राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं का समापन सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल परिसर में हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष विधायक दीपचंद खेरिया रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर ओमप्रकाश बैरवा ने की। राज्य किसान आयोग उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने उद्बोधन में कहा कि खेलों के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा कराए जाएंगे जिससे कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा साथ ही उन्होंने विजेता खिलाड़ियों व भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप आयोजित किए गए राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक खेलों के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को राज्य सरकार द्वारा प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेलों के क्षेत्रों में उंचा मुकाम हासिल करने की बधाई दी। प्रधान किशनगढ़बास बी.पी. सुमन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार जैन ने भी उद्बोधन में अपने विचार रखें।

### जादूगर सम्राट शिवकुमार भव्य स्वागत

**शाहपुरा।** उपखंड शाहपुरा के निजी सिनेमा हॉल में संचालित जादूगर सम्राट शिवकुमार के मैजिक शो में सोमवार को प्रसिद्ध जादूगर राय साहब पहुंचे। वहीं दर्शकों से खचाख़च भरे हॉल में दर्शकों की तालियों की मधुर आवाज और मधुर संगीत के बीच जादूगर शिव कुमार ने अपने जादूगर गुरू का फूलों के हार व शॉल ओढाकर भव्य सम्मान किया। इस अवसर पर जादूगर के गुरु राय साहब ने जादूगर शिवकुमार के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जादूगर शिवकुमार ने अपनी जादू कला के दम पर अपने क्षेत्र व जिले का नाम राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश दुनिया में रोशन किया है। इतने कम समय में इतना बड़ा स्टेज शो तैयार कर उन्होंने चमत्कार किया है जो काबिले तारीफ है। साथ ही लोगों को अंधविश्वास व पाखंडों से दूर कर विज्ञान का प्रचार प्रसार कर रहा है। जादूगर सम्राट के गुरु ने सुबह के प्रथम शो का फिता काटकर शुरूआत की। इस अवसर पर जूनियर जादूगर, हॉल मैनेजमेंट प्रभारी खेमचंद मीणा, कैशियर हवासिंह दहिया, प्रचार प्रभारी विक्रम सिंह,झल्लू राम,ज्ञानचंद सहित दर्शक उपस्थित रहे।

### तिवाडी होगें जिला स्तर पर सम्मानित

**निवाई ।** शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा शिक्षक दिवस पर ग्राम पंचायत चतुर्भुजपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार तिवाडी को जिला स्तर पर 9-12 वर्ग में सम्मानित किया जाएगा।

### प्रेरक भर्ती के साक्षात्कार स्थगित

**निवाई ।** महात्मा गांधी सेवा प्रेरक भर्ती के लिए साक्षात्कार स्थगित किए गए हैं। एसडीएम रविकांत सिंह ने बताया कि निवाई उपखंड हेतु महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की भर्ती के लिए 5 से 13 सिंतबर तक होने वाले साक्षात्कार को स्थगित कर दिया गया है।

# हजारों श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी

**श्रीमाधोपुर ।** ग्राम पंचायत झाड़ली में मां ओम कंवर माता के वार्षिकोत्सत्व ओर नानी बाई रो मायरो समापन समारोह 11:30 वही 12:00 महा आरती की गई महा आरती में पूर्व पीसीसी सचिव बालेंद्र सिंह सहित गांव -ढाणियों से आए हुए हजारों लोगों शामिल हुए । मातारानी के दर्शन करने कर पंगत प्रसादी पायी।

झाड़ली नरपत सिंह ने बताया कि हवन का कार्यक्रम शुरू बाद 12.15 से विशाल पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया सिंह ने बताया कि टोडा से बलदेव दास महाराज, त्रिवेणी धाम के राम रिछपाल दास जी महाराज, फकड़ नाथ जी महाराज,इस दौरान मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष झब्बर सिंह, संरक्षक विक्रम सिंह झाड़ली, , नरपत सिंह झाड़ली,मंदिर पुजारी दीपक पाराशर, सुमित दीक्षित,कृपाल सिंह,नरेंद्र कुमावत,शंकर कुमावत,सुरेश गुर्जर, धोलू कुमावत, शंकर सिंह, दिग्विजय सिंह, सुधीर प्रताप सिंह, विनय प्रताप सिंह, अजीत सिंह, दीपक सैन, बाबू लाल यादव, भवानी सिंह, बबलू सिंह हरिपुरा, रोहित सिंह,नारे,अजय सिंह नारे, दीवान सिंह हरदास का बास,अमित सिंह कोलिला,कृष्ण कोलिला,खुशबू, रितु, सलोनी ,चंचल, दीपिका ,सीमा, शीला, मेघा, पूजा, दीक्षा, अनीश, रुद्र, विक्रम सिंह,गुमान सिंह,सतवीर सिंह, चैन जी नारे ,आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे और मंदिर में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

राजगढ़ लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एण्ड रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा राजगढ़ ब्लॉक के ग्राम काली पहाड़ी आंगनवाडी केन्द्र पर राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओ एवं शिशुओ को पोषण हेतु स्वच्छता के बारे में ग्रामीण महिलाओ को जागरूक करना है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवी राम मीना बाल विकास परियोजना अधिकारी राजगढ़ ने शिशु एवं महिलाओं को पोषण सप्ताह कार्यक्रम में महिलाओं को बच्चे के जन्म से 6 माह तक मां का दूध पिलाना चाहिए एवं 6 माह बाद दूध, दलिया, अन्न आदि खिलाना चाहिए तथा स्वच्छता रखनी चाहिए आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । कार्यक्रम में 6 माह से 1 वर्ष तक के शिशुओं का हेल्दी बेबी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में 20 शिशुओं ने भाग लिया इसमें से 3 शिशुओं का वजन एवं लंबाई के आधार पर प्रथम, दितीय एव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरूस्कार का वितरण किया गया ।

## मीना जाटव ने जनसम्पर्क किया

**अलवर।** राजस्थान में चुनाव आने वाले है प्रत्याशी अपने प्रचार के लिए घूम रहे है लेकिन अगर किसी प्रत्याशी का स्वागत गांव की महिलाए गले लग कर अपनी बहन-बेटी की तरह से कर रही हो और उसे शगुन भी दे तो इसके क्या मायने निकाले जा सकते है। ऐसा ही नजारा सोमवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा सीट के गांव मदनपुरी में देखने को मिला जब भाजपा उम्मीदवार मीना कुमारी जाटव केन्द्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर केन्द्र सरकार द्वारा जन हित में चलाई गई योजनाओं की जानकारी देने एवं भाजपा के पक्ष में वोट मागने गई जहां गांव की महिलाओं ने उनका अपने गांव की बहन-बेटी की तरह से स्वागत किया और मीना जाटव को गले से लगा लिया उनका हाल-चाल पूछने के बाद ग्रामीण महिलाओं शगुन तक दिया और आश्वासन दिया कि वे उन्हे ही अपना वोट देगी मीना कुमारी जाटव ने सोमवार को ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव मदनपुरी, सालपुरी, भजीट, गजूकी सहित अनेको गांवों में जाकर जनसम्पर्क किया।

# हर वोटर को वोट करना चाहिए : पुखराज सेन

**अलवर।** आने वाले चुनावों में अधिक से अधिक वोटर अपना वोट डालें। इसको लेकर आमजन को जागरूक करने के मकसद से सोमवार को अलवर शहर में जागरूकता रैली निकाली गई।

> ■ शहर जागरुकता निकाली रैली

नगर परिषद कमिश्नर ने कहा कि जनता को अच्छे नेताओं को चुनना चाहिए। ताकि बेहतर राष्ट्र निर्माण हो केस। हर वोटर को वोट के दिन घर से निकलकर वोट का उपयोग करना चाहिए। इसी उद्देश्य से जिला परिषद व नगर परिषद के सौजन्य से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में सफाईकर्मियों ने भी भाग लिया।

अलवर कलेक्टर पुखराज सेन ने कहा कि बिना किसी लालच व डर के वोट करना चाहिए। वोट हमारा अधिकार है। हर 18 साल के महिला पुरुष को वोट करने खुद आगे आना चाहिए। इस उद्देश्य से आमजन को समय समय पर जागरूक भी किया जाता है। चुनाव आयोग का प्रयास रहता है कि वोटिंग टर्नआउट बढ़े। अलवर शहर में वोटिंग टर्नआउट कम रहता है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। अभी वोटर लिस्ट में नाम भी जुड़ रहे हैं। जिनका नाम नहीं है। उसे दर्ज करना चाहिए।

सोमवार सुबह नगर परिषद परिसर में सैकड़ों सफाईकर्मियों को बुलाया गया। जिनको आयुक्त ने कहा कि शहर में सफाई के हालत पहले से काफी सुधरे हैं। हमें इसे और बेहतर बनाने की जरूरत है। आप सबके प्रयासों से यह संभव हो सकेगा। सफाईकर्मियों ने कहा कि वे अपने काम को पूरा करने की कोशिश करते हैं। आमजन को भी जागरूक होने की जरूरत है। मन चाहे जहां कचरा डालने की बजाय उचित स्थान पर ही कचरा डाला जाए।

# 'कृमि मुक्ति दिवस पर 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य'



लालसोट में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में दवा का वितरण किया।

**लालसोट ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुरा ब्लॉक से किया गया । इस कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा स्वयं ही कार्यक्रम में आये सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल कृमि नाशक दवा दवा खिलायी गयी। इस कार्यक्रम का मॉप अप राउण्ड 11 सितम्बर को पूरें राज्य भर में आयोजित होगा।

बताया की 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य राजस्थान राज्य का तीन करोड तैंतीस लाख रखा गया है वही दौसा जिले का लक्ष्य 8 लाख 31 हजार 723 बच्चों का कृमि नाशक दवा आँगनबाडी एवं स्कूलों को माध्यम से बच्चों को खिलाने का लक्ष्य है। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने की एवं मुख्य अतिथि प्रधान नाथूलाल पंचायत मीना एवं खेमावास संरपच हेमराज मीना द्वारा की गई। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्रत्येक बच्चों का कृमि नाशक दवाई इस कार्यक्रम में खिलायी जाये जो बच्चे आज किसी कारण वश दवाई नहीं खा पाये हैं उन्हें 11 सितम्बर 2023 को मॉपअप राउण्ड पर दवाई अवश्य खानी है.. आज छूटे हुये बच्चों को दवा खिलाने की जिम्मेदारी प्रत्येक चिकित्सा संस्थान प्रभारी एवं शिक्षण गण लेवें । कहा की राजस्थान सरकार का उददेश्य है कि प्रत्येक कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी हो एवं सबसे निचले स्तर तक सभी को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलें। इसके बाद डॉ.के.पी शर्मा अतिरिक्त निदेशक आरसीएच ने कहा कि सभी को कृमि मुक्ति की दवा सोमवार के दिन एवं बचे हुये बच्चों को आगामी 11 सितम्बर 23 को खिलाई जायें। सभी बच्चे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस कार्यक्रम में डॉ.सुभाष बिलौनिया सीएमएचओं दौसा, डॉ.धीरज कुमार शर्मा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी लालसोट बसन्त कौशिक आदि मौजूद रहें।

## श्री कृष्ण रूपसज्जा प्रतियोगिता 7 को

**अलवर।** श्री अग्रवाल महासभा अलवर की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर अग्रसेन मार्ग, बस स्टेण्ड के सामने स्थित श्री लक्ष्मीनारायण जी मन्दिर प्रागंण में जन्माष्टमी महोत्सव पर श्री कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के संयोजक सचिन सिघंल ने बताया कि यह प्रतियोगिता दिनांक 7 सितम्बर 2023, गुरूवार को सायं 7 बजें से दो वर्गो में आयोजित होगी। जिसमें जूनियर वर्ग में 5 साल तक की आयु एवं सीनियर वर्ग में 10 साल की आयु तक के सर्वसमाज के बच्चे भाग ले सकेंगे। रजिस्ट्रेशन फार्म अग्रवाल धर्मशाला कार्यालय पर उपलब्ध है एवं दिनांक 7 सितम्बर को सांय 6:30 बजें तक रजिस्ट्रेशन करवा सकेते है। प्रतिभागी श्री कृष्ण एवं राधा के स्वरूपों में अपनी प्रस्तुति देगें। महासभा अध्यक्ष अमित गोयल एवं मंत्री सुरेश अग्रवाल के अनुसार दोनो वर्गो में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ 5-5 सात्वंना पुरस्कार प्रदान किया जावेगे एवं सभी प्रतिभागियों के प्रमाण पत्र प्रदान किए जावेगे। मन्दिर संयोजक सुरेश गुलपाडा वाले ने बताया कि इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की विशेष झांकी सजाई जाएगी ओर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# 275 व्यापारियों का सम्मान




श्रीमाधोपुर कस्बे में समाज सेवी सुरेश सामोता की ओर से व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन किया।

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे में समाज सेवी सुरेश सामोता की ओर से व्यापारी सम्मान समारोह कस्बे के सरस्वती मैरिज गार्डन में आयोजित हुआ। इस दौरान सुरेश सामोता ने 275 व्यापारियों का सम्मान किया।

सामोता ने कहा कि व्यापारी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बिना व्यापारियों के अर्थव्यवस्था चल नहीं सकती। कस्बे में व्यापार को नई पहचान दिलाने व चहुंमुखी विकास की आवश्यकता है,जिसके लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे ।

उन्होंने कहा कि नई जनरेशन व आज के युग के अनुसार परिवर्तन होना अति आवश्यक है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एवं व्यापारी बाबूलाल चौधरी, खुदरा व्यापार संघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोपालका ,नाथूलाल बजाज ,मुकेश बजाज, मनोज गुप्ता, चिरंजीलाल कानूनगो क वर्ग व्यापार संघ अध्यक्ष पवन चौधरी, दीपचंद जैन, केमिस्ट एसोसिएशन के किशोर कुमार शर्मा ,अरविंद कयाल, धनपाल सिंह , राजेंद्र ठेकेदार, सुरेश कुमार, समेत व्यापारियों को सम्मानित किया गया।